नव भारत बिलासपुर 17 फरवरी 1994

राष्ट्रीय उत्पादकता सप्ताह समापन समारोह संपन्न



बिलासपुर 17 फरवरी। आज राष्ट्रीयता उत्पादकता सप्ताह के समापन दिवस पर आयोजित एक सादे किन्तु भव्य समारोह में विशेष रूप से उपस्थित एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष श्री आर. के. मिश्रा अपर संचालक उद्योग, उद्योग संचालनालय भोपाल, के कर कमलो द्वारा श्री अनिल अग्रवाल, मेसर्स मेट्रिक्स इंटरप्राइजेज औद्योगिक ग्रोथ सेन्टर सिरगिट्टी बिलासपुर को जिले के सर्वश्रेष्ठ उत्पादकता उद्यमी उद्योग का प्रशस्तीपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर श्री के. एस. धुर्वे संयुक्त संचालक उद्योग, श्री व्ही. के. व्योहार महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र बिलासपुर, श्री हरीश केडिया, अध्यक्ष म.प्र. लघु उद्योग संघ भोपाल श्री कांतिलाल जोवनपुत्रा, अध्यक्ष, जिला उद्योग संघ बिलासपुर एवं उपाध्यक्ष श्री एस. के. मिश्रा ने राष्ट्रीय उत्पादकता सप्ताह पर आपने विचार प्रकट किए। कार्यक्रम को सफल बनाने में संघ के पदाधिकारी गण सर्वश्री अनिल लुथरा उपाध्यक्ष, श्री सुनील मारदा, श्री बी. बी. हांडा सह सचिव, श्री बालकृष्ण मिश्रा कार्यकारिणी सदस्य तथा उद्योग विभाग के अनेक अधिकारी गणों का सहयोग सराहनीय रहा।